अशोक कुमार तिवारी
अनु सचिव

अर्द्धशा0प0सं0—630/57—2016—51(जी)/2013

धर्मार्थ कार्य विभाग
लखनऊ : दिनांक :14 जुलाई, 2016

आदरणीय महोदय,

अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आयोजित समाजवादी श्रवण यात्रा के अन्तर्गत विशेष रेलगाड़ी के माध्यम से शासकीय व्यय पर **द्वारिका, सोमनाथ एवं नागेश्वर (गुजरात)** के दर्शन हेतु तीर्थ यात्रियों को भेजा जा रहा है। इस संबंध में विज्ञप्ति संख्या—13/2016/628/2016/57—2016—51(जी)/2013, दिनांकः 13 जुलाई, 2016 आपको प्रेषित की गई है।

2— उक्त यात्रा **दिनांकः 29—07—2016 से दिनांकः 04—08—2016** के मध्य सम्पन्न होगी। **दिनांक 29—07—2016** को विशेष रेलगाड़ी **वाराणसी रेलवे स्टेशन** से प्रातः 09.30 बजे प्रस्थान करेगी।

3— इस संबंध में मुझसे यह कहने की अपेक्षा की गई है कि चयनित यात्रियों की (ऑनलाइन/ऑफलाइन) सूची दिनांक 20—07—2016 तक शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, तथा चयनित समस्त यात्रियों को यह भी अवगत कराये कि यात्रा हेतु टिकट वितरण एवं रिफ्रेशमेंट का कार्यक्रम कैण्ट स्टेशन, रेलवे मनोरंजन केन्द्र, वाराणसी में प्रातः 06.00 से 09.00 बजे के मध्य दिनांक 29—07—2016 को सम्पन्न होगा।

भवदीय,

(अशोक कुमार तिवारी)

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

संख्या— 630(1)/57—2016—51(जी)/2013 तद्दिनांकः

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1— मुख्य क्षेत्रीय प्रबन्धक, आई0आर0सी0टी0सी0, लखनऊ।

2— प्रमुख सचिव, पर्यटन विभाग, उ0प्र0 शासन।

3— महानिदेशक, पर्यटन उ0प्र0 शासन।

4– समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।

5– प्रमुख सचिव, परिवहन विभाग, उ0प्र0 शासन।

6– प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0एस0आर0सी0टी0सी0, लखनऊ। (यात्रा के चयनित यात्रियों को उनके गृह जनपद के निकट बस स्टॉप से लेकर रेलवे स्टेशन वाराणसी तक छोड़ने तथा यात्रा की समाप्ति के उपरान्त रेलवे स्टेशन वाराणसी से उनके गृह जनपद के निकट बस स्टॉप तक निःशुल्क प्रस्थान कराने की व्यवस्था कराने के संबंध में।)

7– प्रमुख सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त यात्रा हेतु दो चिकित्सक (एक फिजीशियन एवं एक हृदय रोग विशेषज्ञ) एवं दो नर्से नामित करते हुये धर्मार्थ कार्य विभाग को अवगत कराने का कष्ट करें।

8– महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, लखनऊ।

9– मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ।

10– सचिव, सचिवालय प्रशासन विभाग।

11– निदेशक, सूचना एवं जनसर्म्पक विभाग, लखनऊ।

12– वरिष्ठ कोषाधिकारी, लखनऊ।

13– समस्त वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, उ0प्र0।

14– वित्त (व्यय–नियंत्रण) अनुभाग–5, उ0प्र0 शासन।

15– निजी सचिव, मा0 मंत्री, धर्मार्थ कार्य विभाग, उ0प्र0।

16– सामान्य प्रशासन विभाग।

17– विभागीय आदेश पुस्तिका।

**आज्ञा से,**

(signature)

**(अशोक कुमार तिवारी)**
**अनु सचिव।**